रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2002 REGISTERED No. DL—33001/2002

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 18, 2002 (वैशाख 28, 1924)
No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 18, 2002 (VAISAKHA 28, 1924)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]
[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

विश्व व्यापार केन्द्र-1, कफ परेड, कोलाबा

मुंबई-400 005, दिनांक 29 अप्रैल 2002

बैंपविवि. सं. बीसी. 94/12.01.001/2001-02--भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) (अधिनियम) की धारा 42 की उप-धारा (1) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा दिनांक 22 अक्तूबर 2001 की अपनी अधिसूचना बैंपविवि सं. बीसी. 33/12.01.001/2001-02 के अधिक्रमण में भारतीय रिज़र्व बैंक इसके द्वारा विनिर्दिष्ट करता है कि अनुसूचित वाणिज्यक बैंकों द्वारा रखे जाने हेतु अपेक्षित औसत आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) जून 15, 2002 से प्रारंभ होनेवाले पखवाड़े से 5.0 प्रतिशत होगा। तथापि, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा कुल मांग और देयताओं पर रखे जाने हेतु अपेक्षित प्रभावी आरक्षित नकदी निधि अनुपात 3.0 प्रतिशत से कम नहीं होगा, जैसा कि उपर्युक्त अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित है।

एस. एल. परमार
कार्यपालक निदेशक

केन्द्रीय कार्यालय
सरकारी और बैंक लेखा विभाग
मुंबई

दिनांक

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं. एफ.(8) 70/बी 5 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं. 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के नियम 18 के अनुसरण मार्च 2002 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है , जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है । नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिज़र्व बैंक केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग , मुंबई को संसूचित करें ।
सूची दो भागों में विभाजित की गई है । भाग क में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गई है और भाग ख में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गई है ।

सूची " क "

भायखला (मुंबई) सर्कल

10% राहत पत्र 1995

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
बीसी-4775 (जीपीएच)	रू 4,00,000/-	कुंजलता रोहतगी कंचन नाथ रोहतगी	2.11.1996	कुंजलता रोहतगी कंचन नाथ रोहतगी	दिनांक 21.11.2001 का गुमशुदा नोट आदेश सं.06.25.53

सूची ख

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
कुछ नहीं					

(ए.जी.पाठक)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
17-4-2002

भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय कार्यालय मुंबई - 400 021 - 07 मई, 2002

सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक का शेयरधारक रजिस्टर वर्ष 2001-2002 के लाभांश का भुगतान, यदि कोई है, करने के लिए, मंगलवार 16 जुलाई, 2002 से बुधवार 31 जुलाई, 2002 तक की अवधि के लिए, शेयरों के अंतरण हेतु बन्द रहेगा

(जानकी बल्लभ)
अध्यक्ष

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
कार्मिक विभाग,
प्रधान कार्यालय,
नई दिल्ली । **18 अप्रैल, 2002**

संख्या: 3939 - बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (1980 का 40) की धारा 12 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 में आगे और संशोधन करने हेतु एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात् :-

1(1) ये विनियम ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स (कर्मचारी) पेंशन (संशोधन) विनियम, 2002 कहलाएंगे ।

(2) इन विनियमों में अन्यथा स्पष्टतया उपलब्ध को छोड़कर, ये सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2 ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 में

(क) विनियम 2 में,

(i) उप-विनियम (ढ) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात्:-

"(ढ) "कर्मचारी से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो बैंक की सेवा में नियोजित है, चाहे स्थायी आधार पर पूर्णकालिक या वेतनमान पर स्थायी आधार पर अंशकालिक कर्मकार के रूप में हो या ऐसा अधिकारी जो इन विनियमों को चुनता है और इनसे शासित होता है लेकिन इसमें ऐसा व्यक्ति शामिल नहीं होगा जो संविदात्मक आधार पर या दैनिक वेतन के आधार पर या समेकित वेतन के आधार पर नियुक्त किया गया हो;"

(ii) उप-विनियम (ण) में, खण्ड (ग) के लिए निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किए जाएंगे , अर्थात्:

"(ग) पुत्र या अविवाहित पुत्री या विधवा/तलाकशुदा पुत्री, जिसने पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है, तथा कानूनी रूप से गोद लिया गया पुत्र या पुत्री ।

"(घ) कर्मचारी के जीवित रहते हुए उस पर पूर्णतया आश्रित माता-पिता, बशर्ते कि मृत कर्मचारी ने अपने पीछे न तो विधवा/विधुर या बच्चा छोड़ा हो ।"

(iii) उप विनियम (ध) के लिए निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किए जाएंगे , अर्थात् :-

(घ) वेतन के अंतर्गत है -

'क) जो कर्मकार 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात, लेकिन 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व, या तो सवोनिवृत्त हो गया था या उसकी मृत्यु हो गयी थी, और जो अधिकारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात, लेकिन 1 जुलाई, 1993 के पूर्व , या तो सेवानिवृत्त हो गया था या उसकी मृत्यु हो गयी थी, के मामलों में,-

i) मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां, यदि हों, और

ii) भविष्य निधि में अंशदान करने तथा महंगाई भत्ते के भुगतान के प्रयोजन हेतु गणना में लिए गए सभी भत्ते

(ख) जो कर्मकार 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था, या जिसकी सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गयी थी, और जो अधिकारी 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हो गया था या जिसकी मृत्यु हो गयी थी, के मामले में ,-

i) मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां, यदि हों, और

ii) भविष्य निधि में अंशदान करने तथा महंगाई भत्ते के भुगतान के प्रयोजन हेतु गणना में लिए गए सभी भत्ते

iii) नियत वैयकितक भत्ते का वेतनवृद्धि घटक ।"

(ग) जो कर्मचारी 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हो गया था या जिसकी सेवा में रहते हुए मृत्यु हो गयी थी, के मामले में -

(i) मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां, यदि हों, और

(ii) भविष्य निधि में अंशदान करने तथा महंगाई भत्ते के भुगतान के प्रयोजन हेतु गणना में लिए गए सभी भत्ते ; और

(iii) नियत वैयक्तिक भत्ते का वेतनवृद्धि घटक ; और

(iv) महंगाई भत्ता उस पर श्रृंखला 1960 = 100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 1616 अंकों पर उपर्युक्त परिकलित पर ।

स्पष्टीकरण

इस खण्ड के प्रयोजन के लिए मूल वेतन, वेतन के अन्य घटकों और नियत वैयक्तिक वेतन का अर्थ मूल वेतन होगा, वेतनमान के अनुसार कर्मचारी द्वारा आहरित वेतन के अन्य घटक तथा नियत वैयक्तिक भत्ता, 1.11.1997 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) तथा 1.4.1998 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) लागू और देय वेतन के अन्य घटकों की दरों पर;

(ख) विनियम 3 में,

(i) उप-विनियम (1) में , खण्ड (ग) में, ".....बैंक को उपर्युक्त रकम" शब्दों के पश्चात् "या 1 अप्रैल, 1995 तक, जो भी पहले हो" शब्द जोड़े जाएंगे ;

(ii) उप-विनियम (7), में खण्ड (ख) में "..... बैंक को उपर्युक्त रकम" शब्दों के पश्चात् "या 1 अप्रैल, 1995 तक, जो भी पहले हो" शब्द जोड़े जाएंगे ;

(iii) उप-विनियम (9) के पश्चात, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात

"(10) उप-विनियम (2), (5), (6) और (8) में निहित किसी बात के होते हुए भी, यदि कोई कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात् लेकिन 1 अप्रैल, 1995 को या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था/उसकी मृत्यु हो गयी थी या यदि किसी कर्मचारी की बैंक की सेवा में रहते हुए, 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात् लेकिन 1 अप्रैल, 1995 को या उसके पूर्व, मृत्यु हो गई थी तो ऐसा कर्मचारी या मृत कर्मचारी का परिवार, यथास्थिति, उपर्युक्त उप-विनियमों में उल्लिखित अवधि के भीतर भविष्य निधि में "बैंक के अंशदान की संपूर्ण राशि तथा उस पर उपचित ब्याज और भविष्खाते के नि टान की तारीख से बैंक को उपर्युक्त राशि वापस करने की तारीख तक 1 अप्रैल, 1995 तक, जो भी पहले हो, उक्त रकम पर छः प्रतिशत की वार्षिक दर से अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस करेगा ।"

(ग) विनियम 12 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(12) निधि का निवेश : निधि में अंशदान की गई या प्राप्त या उस तारीख के पश्चात निधि पर ब्याज या अन्यथा के रूप में उपचित संपूर्ण राशि, भारत में डाक घर बचत बैंक खाते या किसी अनुसूचित बैंक के चालू खाते या बचत बैंक खाते में जमा की जा सकेगी या पेंशन विनियम के अनुसार पेंशन लाभ का भुगतान करने हेतु उपयोग में लाई जा सकेगी । जो रकम इस प्रकार जमा नहीं की गई है या जिसका उपयोग नहीं किया गया है उसका आयकर नियम, 1962 के नियम 67 के उप-नियम (2) में उल्लिखित अनुसार निवेश किया जाएगा ।"

(घ) विनियम 18 में, निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात्

"परंतु, इस विनियम के उपबंध किसी कर्मचारी को पेंशन हेतु पात्र बनने के लिए अपेक्षित न्यूनतम सेवा निर्धारित करने हेतु लागू नहीं होंगे1

(ङ) विनियम 27 में, उप-विनियम (2) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात, :-

"(2) जो अंशकालिक कर्मचारी प्रारंभ में न्यूनतम वेतनमान पर नियुक्त किया गया था/है और बाद में उसका नियतन, पूर्ण वेतनमानों सहित, उच्चतम वेतनमान में किया गया था/जाता है, के मामले में, पेंशन राशि की गणना के प्रयोजन से अर्हता सेवा की अवधि का निर्धारण परिशिष्ट- IV के अनुसार किया जाएगा ।

(3) जो अंशकालिक कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति तक उसी वेतनमान में जारी रहते हैं, के मामले में पेंशन राशि की गणना करने के प्रयोजन से, पूर्ण वास्तविक सेवा को अर्हता सेवा माना जाएगा 1 ऐसे मामलों में, सेवानिवृत्ति के समय वेतनमान पर आहरित वास्तविक वेतन को औसत परिलब्धियों के प्रयोजन हेतु गिनती में लिया जाएगा ।

टिप्पणी :

वास्तविक सेवा/अर्हता सेवा की गणना सेवानिवृत्ति की तारीख से या 01.09.1978 से, जो भी बाद में हो, की जाएगी ।"

(च) विनियम 32 में, शब्द "और" खण्ड (क) के अंत में जोड़ा जाएगा :

(छ) विनियम 33 में, उप-विनियम (1) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(1) ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1982 या पंचाटों/समझौतों के अनुसार 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात् दंड के रूप में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारी को, ऐसा दंड लगाने के लिए सक्षम प्राधिकारी से उच्च प्राधिकारी द्वारा, दो तिहाई से कम नहीं और यदि वह उस तारीख को अधिवार्षिता पर ऐसी पेंशन का पात्र होता तो उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख को उसे स्वीकार्य पूर्ण पेंशन से अधिक नहीं, की दर से पेंशन मंजूर की जाए।"

(ज) विनियम 34 में, उप-विनियम (2) के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(2) विनियम 3 के उप-विनियम (7) में निहित उपबंधों द्वारा शासित मृत कर्मचारी का परिवार पेंशन या परिवार पेंशन, यथास्थिति के लिए 1 नवम्बर, 1993 से पात्र होगा ।"

(झ) विनियम 35 में उप-विनियम (1) के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(1) मूल पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन, जहां भी लागू हो, परिशिष्ट-1 में दिए गए फार्मूले के अनुसार अद्यतन बनाई जाएगी ।"

(ञ.) विनियम 36 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(36) **न्यूनतम पेंशन** - न्यूनतम पेंशन की राशि निम्नानुसार होगी -

(क) जहां कर्मचारी (कर्मकारों के मामले में) 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व या (अधिकारियों के मामले में) 1 जुलाई, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था, वहां कर्मचारी के मामले में, अंशकालिक कर्मचारी को छोड़कर, रुपए तीन सौ पचहत्तर प्रतिमाह और

1 नवम्बर, 1992 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए अंशकालिक कर्मचारी के मामले में वेतनमान की दर के संबंध में उसकी आनुपातिक राशि;

(ख) जब कर्मचारी (कर्मकारों के मामले में) 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात् या (अधिकारियों के मामले में) 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हो गया था, वहां कर्मचारी के मामले में, अंशकालिक कर्मचारी को छोड़कर रुपए सात सौ बीस प्रतिमाह और 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए अंशकालिक कर्मचारी के मामले में वेतनमान की दर के संबंध में उसकी आनुपातिक राशि;

(ग) जहां कर्मचारी 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हो गया था, वहां कर्मचारी के मामले में , अंशकालिक कर्मचारी को छोड़कर रुपए एक हजार पन्द्रह प्रति माह और जहां अंशकालिक कर्मचारी 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हुआ है, वहां एक-तिमाही वेतन पाने वाले अंशकालिक कर्मचारी के मामले में रुपए तीन सौ उनतालीस प्रतिमाह, आधा वेतन पाने वाले अंशकालिक कर्मचारी के मामले में रुपए पांच सौ आठ प्रतिमाह तथा तीन चौथाई वेतन पाने वाले अंशकालिक कर्मचारी के मामले में रुपए सात सो बासठ प्रतिमाह"

(ट) विनियम 39 में, -

(i) उप -विनियम (1) में, निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :-

"परन्तु, जो कर्मचारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में थे तथा 31 अक्तूबर, 1987 को या उसके पूर्व सेवा में रहते हुए उनकी मृत्यु हो गयी थी या 31 अक्तूबर, 1987 को या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे परन्तु उनकी मृत्यु बाद में हुई थी, ऐसे मृतक कर्मचारी का परिवार पेंशन का पात्र होगा, जिसकी रकम परिशिष्ट V के अनुसार निर्धारित की जाएगी ।"

(ii) उप-विनियम (3) में, खण्ड (क) में, उप-खण्ड (ii) में, शब्द, कोष्ठक, शब्द "या खण्ड (ख) निकाले जाएंगे ;

(iii) उप-विनियम (3) में, खण्ड (क) में, उप-खण्ड (ii) के पश्चात् निम्नलिखित परंतुक शामिल किया जाएगा, अर्थात् :

परन्तु, इस खण्ड के अंतर्गत निर्धारित परिवार पेंशन की राशि किसी भी दशा में बैंक से सेवानिवृत्त पर अनुमोदित पेंशन से अधिक नहीं होगी । यदि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर उसे अनुमोदित पेंशन साधारण दर पर परिवार पेंशन की राशि से कम है तो परिवार को साधारण दरों पर परिवार पेंशन की अनुमति दी जाएगी ।

स्पष्टीकरण : इस उप-खण्ड के प्रयोजन हेतु "सेवानिवृत्ति पर प्राधिकृत पेंशन" में पेंशन का वह अंश शामिल है जो सेवानिवृत्त कर्मचारी ने मृत्यु के पूर्व संराशीकृत किया होता ।"

(ठ) विनियम 40 में,

(i) उप-विनियम (1) में, खण्ड (ख) और (ग) के लिए, निम्नलिखित खण्ड तथा परन्तुक प्रतिस्थापित किए जाएंगे , अर्थात्:

"(ख) पुत्र या पुत्री (विधवा/तलाकशुदा सहित) के मामले में जब तक वह पच्चीस वर्ष का/की नहीं हो जाता/जाती या उसके विवाह/पुनर्विवाह तक, जो भी पहले हो :

परन्तु, जब पात्र पुत्र/पुत्री सरकारी/निजी क्षेत्र/स्व-नियोजन आदि में नियोजन से 2550/- रु. प्रतिमाह से अधिक रकम प्राप्त करना शुरू कर देता/देती है तो पुत्रों/पुत्रियों (विधवा/तलाकशुदा सहित) को देय पेंशन बंद कर दी जाएगी/स्वीकार्य नहीं होगी ।

परन्तु, यदि किसी कर्मचारी का पुत्र या पुत्री किसी मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त है या शारीरिक रूप से इस प्रकार अपंग या विकलांग है कि वह पच्चीस वर्ष का/की होने पर भी जीविका निर्वाह के लिए कमा नहीं सकता/सकती तो ऐसे पुत्र या पुत्री को निम्नलिखित शर्तों के अधीन आजीवन परिवार पेंशन का भुगतान किया जाएगा :-

(i) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री, कर्मचारी के दो या दो से अधिक बच्चों में से है तो प्रारंभ में परिवार पेंशन उप-विनियम (1) के खण्ड (ड.) में निर्धारित अनुसार अवयस्क बच्चे को देय होगी और वह तक तक देय होगी जब तक कि अंतिम अवयस्क बच्चा पच्चीस वर्ष का नहीं हो जाता और उसके पश्चात परिवार पेंशन मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त या शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग पुत्र या पुत्री के पक्ष में पुनः आरंभ की जाएगी और उसे आजीवन देय होगी;

(ii) यदि मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त या शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग बच्चे एक से अधिक हैं तो परिवार पेंशन उनके जन्म के क्रम से दी जाएगी और उसमें सबसे कम उम्र के पुत्र या पुत्री को परिवार पेंशन तभी मिलेगी जब उससे बड़े/बड़ी की पात्रता समाप्त हो जाएगी :

परन्तु, जहां परिवार पेंशन ऐसे जुड़वा बच्चों को देय है वहां यह उप-विनियम (1) के खण्ड (च) में निर्दिष्ट तरीके से दी जाएगी :

(iii) ऐसे पुत्र या पुत्री को परिवार पेंशन अभिभावक के जरिए प्रदान की जाएगी मानो वह अवयस्क था/थी, सिवाय शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग पुत्र या पुत्री के होने, जो परिपक्वता आयु पर पहुंच चुके हों ।

(iv) ऐसे किसी पुत्र या पुत्री को आजीवन परिवार पेंशन देने की अनुमति देने के पूर्व, सक्षम प्राधिकारी इस बात की तुष्टि करेगा कि विकलांगता इस प्रकार की है कि वह उसकी आजीविका के लिए आय प्राप्त करने में बाधा बनती है और इसे बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त प्रमाणपत्र द्वाराप्रमाणित करना होगा जिसमें, यथासंभव, बच्चे की सही-सही मानसिक एवं शारीरिक स्थिति दी गई हो;

(v) ऐसे पुत्र या पुत्री के अभिभावक के रूप में परिवार पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति या अभिभावक के माध्यम से परिवार पेंशन प्राप्त न करने वाले पुत्र या पुत्री को बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी का प्रत्येक तीन वर्ष में इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह मानसिक विकार या अशक्तता से लगातार ग्रस्त है तथा शारीरिक रूप से अपंग या विकलांग है ।

स्पष्टीकरण -

इस विनियम में निर्दिष्ट आयु सीमा से अधिक आयु के विकलांग बच्चे को परिवार पेंशन निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान की जाएगी अर्थात् -

(i) पुत्री इस उप-विनियम के अधीन परिवार पेंशन के लिए उस तारीख से अपात्र हो जाएगी जिस तारीख को वह विवाह करती है;

(ii) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री अपनी आजीविका का आरंभ कर देता /देती है तो ऐसे पुत्र या पुत्री को परिवार पेंशन बंद कर दी जाएगी । ऐसे मामलों में, अभिभावक या पुत्र या पुत्री का यह कर्त्तव्य होगा कि वह हर महीने बैंक को इस आशय को प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे कि -

(अ) उसने अपनी आजीविका प्रारंभ नहीं की है;

(आ) पुत्री के मामले में यह कि अभी तक वह अविवाहित है;

"(ग) माता-पिता के मामले में, यदि सरकारी/निजी क्षेत्र/स्व-नियोजन आदि में नियोजन से माता-पिता में से किसी एक की आय या माता-पिता दोनों की कुल आय रुपए 2550/- रुपए माह से अधिक हो जाती है तो देय परिवार पेंशन बंद कर दी जाएगी/स्वीकार्य नहीं होगी ।"

(ii) उप-विनियम (4) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :-

"(4) जहां पति और पत्नी दोनों बैंक कर्मचारी हैं तथा इस विनियम के प्रावधनों द्वारा शासित होते हैं, और उनमें से किसी एक की सेवाकाल के दौरान या सेवानिवृत्ति के पश्चात मृत्यु हो जाती है तो मृत कर्मचारी के मामले में परिवार पेंशन जीवित पति या पत्नी को दी जाएगी और पति या पत्नी की मृत्यु हो जाने पर, मृत अभिभावकों के मामले में जीवित बच्चे या बच्चों को दो परिवार पेंशन मंजूर की जाएगी जो निम्नलिखित तक सीमित रहेगी अर्थात् -

(क) यदि जीवित बच्चा या बच्चे विनियम 39 के उप-विनियम (3) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (i) तथा खण्ड (ख) के उप-खण्ड (i) में उल्लिखित दरों पर दो परिवार पेंशन पाने का पात्र है/हैं तो दोनों पेंशन की दर निम्नलिखित तक सीमित रहेगी -

(i) 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) सेवा में रहते हुए जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी , के मामले में रुपए दो हजार पांच सौ केवल प्रतिमाह ;

(ii) 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात (अधिकारियों के मामले में) सेवा में रहते हुए जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, के मामले में रुपए चार हजार आठ सौ केवल प्रतिमाह ; और

(iii) केवल उन कर्मचारियों, अधिकारियों तथा कर्मकारों, दोनों के मामले में, जो 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृतत हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गई थी, रुपए छः हजार सात सौ छप्पन केवल प्रतिमाह ।

(ख) यदि विनियम 39 के उप-विनियम (3) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (i) या खण्ड (ख) के उप-खण्ड (i)में उल्लिखित दरों पर देय एक परिवार पेंशन बंद हो जाती है और उसके बदले विनियम 39 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित दर पर परिवार पेंशन देय हो जाती है तो दोनों पेंशन की रकम भी निम्नलिखित तक सीमित रहेगी -

(i) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) सेवा में रहते हुए सेवानिवत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी, के मामले में रुपए दो हजार पांच सौ केवल प्रतिमाह ।

(ii) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 को उसके पश्चात (अधिकारियों के मामले में) सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी, के मामले में रुपए चार हजार आठ सौ केवल प्रतिमाह और

(iii) केवल उन कर्मचारियों, अधिकारियों तथा कर्मकारों दोनों , के मामले में जो 1 अप्रैल 1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी, रुपए छः हजार सात सौ छप्पन प्रतिमाह ।

(ग) यदि दोनों परिवार पेंशन विनियम 39 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित दर पर देय हैं तो दोनों परिवार पेंशन की राशि निम्नलिखित तक सीमित रहेगी -

(i) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 के पूर्व (अधिकारियों के मामले में) सेवा के दौरान सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी, के मामले में, रुपए एक हजार दो सौ पचास रुपए प्रतिमाह ।

(ii) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात (कर्मकारों के मामले में) या 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात (अधिकारियों के मामले में) सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी, के मामले में रुपए दो हजार पांच सौ प्रतिमाह

(iii) केवल उन कर्मचारियों, अधिकारियों तथा कर्मकारों दोनों , के मामले में जो 1 अप्रैल 1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हो गए थे या जिनकी मृत्यु हो गयी थी, रुपए तीन हजार तीन सौ अठहत्तर प्रतिमाह ।

(iii) उप-विनियम (5) में, खण्ड (ग) के परंतुक के लिए, निम्नलिखित परंतुक प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् -

परंतु, ऐसे या बच्चों या विधवा या विधवाओं को देय परिवार पेंशन के अंश या अंशों को भुगतान बंद हो जाने पर ऐसा/ऐसे अंश समाप्त नहीं होगा/होंगे, बल्कि अन्य विधवा या विधवाओं को और/या अन्यथा पात्र अन्य बच्चा या बच्चे को समान अंशों में देय होगा या यदि केवल एक विधवा या बच्चा है तो ऐसी विधवा या बच्चे का पूरा अंश देय होगा ।"

(iv) उप-विनियम (5) में खण्ड (ग) के पश्चात, निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा अर्थात्

"(गक) जहां मृत कर्मचारी या पेंशनभोगी के पीछे एक विधवा बची हो किन्तु वह तलाकशुदा पत्नी या पत्नियों से पात्र बच्चा या बच्चे छोड़ गया हो तो, ऐसा/ऐसे पात्र बच्चा या बच्चे परिवार पेंशन का वह अंश पाने का/के हकदार होगा/होंगे जो कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु के समय उसकी /उनकी माता को मिलता, यदि उसका तलाक न हुआ होता ।

परन्तु, ऐसे बच्चे या बच्चा या विधवा या विधवाओं को देय परिवार पेंशन के अंश या अंशों के देय होने पर, ऐसा या ऐसे अंश व्यपगत नहीं होंगे अपितु अन्य विधवा या विधवाओं और/या अन्य बच्चा या बच्चों, जो अन्यथा पात्र हों, को समान अंशों में देय होगा/होंगे, यदि एक ही विधवा या बच्चा है, तो ऐसी विधवा या बच्चे को पूर्ण रूप से देय होगा/होंगे ।

(ङ) विनियम 41 में,

(क) उप-विनियम 4 में, टिप्पणियों के लिए , निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

टिप्पणी -

उपर्युक्त तालिका पेंशनभोगी के अगले जन्म दिन पर उसकी आयु के संदर्भ में क्रय वर्षों की संख्या के रूप में व्यक्त पेंशन का संराशीकृत दर्शाती है । अठावन वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी के मामले में संराशीकृत मूल्य 10.46 क्रय वर्ष है और, इसलिए यह यह सेवानिवृत्ति से एक वर्ष के भीतर अपनी पेंशन से सौ रुपए संराशीकृत करता है तो उसे एकमुश्त देय राशि होगी रुपए 100 x 10.46 x 12/- = 12,552/-रुपए

(ख) प्रतिस्थापित टिप्पणी के पश्चात, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़े जाएंगे, अर्थात् :-

(5) जिस कर्मचारी ने पेंशन के स्वीकार्य अंश को संराशीकृत किया था, वह संराशीकरण की तारीख से पन्द्रह वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात् फिर से चालू पेंशन के संराशीकृत अंश को पाने का पात्र होगा ।

(6) जो आवेदक अधिवर्षिता पेंशन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेंशन, समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन, अनिवार्य सेवा-निवृत्ति पेंशन , अवैध पेंशन या अनुकंपा भत्ता हेतु अधिकृत है, वह इन विनियमों के अधीन अपनी पेंशन के अंश को संराशीकृत करने हेतु पात्र होगा ।

(7) यदि पेंशनभोगी अधिवार्षिता पेंशन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर पेंशन या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन हेतु पात्र हैं जो सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर संराशीकरण हेतु आवेदन देने पर, चिकित्सा जांच अनिवार्य नहीं होगी । परन्तु, यदि ऐसा पेंशनभोगी अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के पश्चात् पेंशन के संराशीकरण हेतु आवेदन करता है तो इसकी अनुमति चिकित्सा जांच के अधीन दी जाएगी :

परन्तु, जिस आवेदक को विनियम 46 के अनुसार अनंतिम पेंशन प्राप्त हो रही है और जिसके लिए विभागीय या न्यायायिक कार्यवाही पूर्ण होने पर पेंशन प्राधिकृत की गई है, इस उप-विनियम में उल्लिखित एक वर्ष की अवधि, विभागीय या न्यायिक कार्यवाही के पूर्ण हो जाने के परिणामस्वरूप आदेश जारी होने की तारीख गिनी जाएगी ।

(8) ऐसा आवेदक -

(i) जो इन विनियमों के विनियम 30 के अंतर्गत अवैध पेंशन पर सेवानिवृत्त होता है; या

(ii) जिसे इन विनियमों के विनियम 31 के अंतर्गत अनुकंपा भत्ता प्राप्त हो रहा है; या

(iii) जिसे बैंक द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है और वह विनियम 33 के अंतर्गत अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन के पात्र है ;

वह बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ घोषित किए जाने के बाद उप-विनियम (1) में उल्लिखित सीमा के अधीन अपनी पेंशन के अंश को संराशीकृत करने का पात्र होगा ।

(9) पेंशन का संराशीकरण तब निरपेक्ष हो जाएगा जब -

(क) अधिवर्षिता या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त होने वाला कर्मचारी, सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद की अगली तारीख पर, सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व पेंशन के संराशीकरण हेतु आवेदन करता है :

परन्तु विनियम 29 के उप-विनियम (3) द्वारा शासित कर्मचारी तीन महीने का नोटिस समाप्त होने के पूर्व अपनी पेंशन के अंश के संराशीकरण हेतु आवेदन नहीं करेगा और पेंशन का संराशीकरण विनियम 29 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित नोटिस अवधि के समाप्त होने पर निरपेक्ष (पूर्ण) हो जाएगा :

(ख) अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त होने वाला कर्मचारी, यदि सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात परंतु सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष पूरा होने के पूर्व पेंशन के संराशीकरण हेतु आवेदन करता है तो संराशीकरण हेतु आवेदन सक्षम प्राधिकारी को जिस तारीख को प्राप्त होता है;

(ग) अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पर सेवानिवृत्त होने वाला कर्मचारी, यदि पेंशन के संराशीकरण हेतु सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के पश्चात आवेदन करता है तो बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रदान करने की तारीख पर;

(घ) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था और इन विनियमों द्वारा शासित होने का विकल्प चुनता है , 1 नवम्बर, 1993 को, जहां आवेदन विनियम 3 के उप-विनियम (2) के खण्ड (ख) में उल्लिखित अवधि के भीतर किया गया है ;

(ड.) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में था परन्तु जो अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन को इन विनियमों के प्रकाशन के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था, जहां आवेदन विनियम 3 के उप-विनियम (2) के खण्ड (ख) में उल्लिखित अविध के भीतर किया गया हो;

(च) जो कर्मचारी 1 नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया था परन्तु अधिसूचित तारीख के पूर्व उसकी मृत्यु हो गयी थी, उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन पर, जहां मृतक कर्मचारी के परिवार द्वारा संराशीकरण का आवेदन विनियम 3 के उप-विनियम (5) के खण्ड (क) में उल्लिखित अवधि के भीतर किया गया है;

(छ) जिस कर्मचारी को विनियम 30 के अधीन अवैध पेंशन या विनियम 31 के अधीन अनुकंपा भत्ता या विनियम 33 के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन स्वीकार्य है संराशीकरण बैंक द्वाराअनुमोदन चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए चिकित्सा प्रमाण्पत्र की तारीख को निरपेक्ष हो जाएगा ।

( ) विनियम 48 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"48 बैंक को हुई आर्थिक हानि की वसूली -

(1) यदि पेंशनभोगी अपनी सेवा अवधि के दौरान किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाही में घोर अवचार या अपेक्षा या अपराधिक न्यासभंग या जालसाजी या कपटपूर्ण कार्य का दोषी पाया जाता है तो सक्षम प्राधिकारी पेंशन या उसका अंश रोक सकता है या आहरित कर सकता है, चाहे स्थायी रूप से या निर्धारित अवधि के लिए, और बैंक को हुई किसी भी आर्थिक हानि के पूरे या अंश को पेंशन से वसूल करने का ओदश दे सकता है :

परन्तु , कोई अंतिम आदेश जारी करने के पूर्व बोर्ड से परामर्श किया जाएगा :

परन्तु , कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के पश्चात, विभागीय कार्यवाही , यदि कर्मचारी के सेवा में रहते हुए आरंभ की गई है, इन विनियमों के अधीन कार्यवाही समझी जाएगी तथा जिस प्राधिकारी द्वारा वह आरंभ की गई थी वह उसी प्रकार से जारी रखी जाएगी तथा समाप्त की जाएगी मानों कर्मचारी सेवा में हैं ।

(2) यदि कर्मचारी के सेवा में रहते हुए विभागीय जांच कार्यवाही आरंभ नहीं की गई थी, तो ऐसे संस्थापना के चार वर्ष के पूर्व हेतु किसी भी घटना के मामले में कोई विभागीय कार्यवाही आरंभ नहीं की जाएगी :

परन्तु, इस प्रकार आरंभ की गई अनुशासनिक कार्यवाही, कर्मचारी की सेवा अवधि के दौरान अनुशासनिक कार्यवाही के लिए लागू प्रक्रिया के अनुसार होगी ।

(3) जहां सक्षम प्राधिकारी पेंशन से आर्थिक हानि की वसूली का आदेश देता है वहां वसूली सामान्यतया कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख को स्वीकार्य पेंशन के एक तिहाई से अधिक की दर पर नहीं की जाएगी।

परन्तु , जहां पेंशन का अंश रोका गया है या आहरित किया गया है, वहां पेंशनभोगी द्वारा आहरित पेंशन राशि इन विनियमों के अधीन देय न्यूनतम पेंशन से कम नहीं होगी ।"

( ) परिशिष्ट -1 के लिए, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

परिशिष्ट-1
(विनियम 35 देखें)

1 01.01.1986 से 31.10.1987 की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी के मामले में, मूल पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन को अद्यतन बनाने का फॉर्मूला निम्नलिखित अनुसार होगा :-

(1) अ (क)	पेंशन के लिए गणना योग्य औसत परिलब्धियों के पहले रुपए 1000/- का 50 प्रतिशत	.....रुपए
(ख)	अगले रुपए 500/- का 45 प्रतिशत	.....रुपए
(ग)	रुपए 1500/- से अधिक पेंशन के लिए गणना योग्य औसत परिलब्धियों का 40 प्रतिशत	.....रुपए
	(क+ख+ग) का योग	.....रुपए (अ)
आ	सेवानिवृत्ति के पूर्व सेवा के अंतिम 10 महीने की औसत मासिक परिलब्धियों का 50 प्रतिशत	.....रुपए (आ)

इ	नीचे दी गई तालिका के अनुसार, उपर्युक्त (अ) पर परिकलित मूल पेंशन पर, श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 600 पर महंगाई राहत	.....रुपए (इ)
ई	कुल मूल पेंशन = (आ)+(इ)X अर्हता सेवा के वर्षों की संख्या (अधिकतम 33 वर्ष) / 33	.....रुपए (ई)
उ.	1.11.1993 को मूल पेंशन (अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित)	.....रुपए (उ)

(2) सेवानिवृत्ति के समय आहरित विशेष भत्ते के अनुरूप , दिनांक 10 अप्रैल, 1989 के द्विपक्षीय समझौते या अधिकारी सेवा विनियम, यथास्थिति, के अनुसार भविष्य निधि में अंशदान करने हेतु गिनी जाने वाली रकम की सीमा तक विशेष भत्ते अतिरिक्त पेंशन के प्रयोजन हेतु गिने जाएंगे ।

तालिका

01.01.1986 से 31.10.1987 की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के लिए श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 600 पर तैयार की गई महंगाई राहत की दरें :-

(क)	अधीनस्थ वर्ग के कर्मचारी	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन का 60.40%
(ख)	756/-रुपए प्रतिमाह पेंशन आहरित करने वाले लिपिकीय वर्ग के कर्मचारी	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन का 67%

(ग) 757/-रुपए और उससे अधिक प्रतिमाह पेंशन आहरित करने वाले लिपिकीय वर्ग के कर्मचारी महंगाई राहत के लिए निम्नलिखित अनुसार पात्र होंगे :-

प्रतिमाह आहरित मूल पेंशन की राशि (रुपए)	स्वीकार्य महंगाई राहत राशि (रुपए)
757 - 796	508.00
797 - 804	534.00
805 - 824	540.00
835 - 844	553.00
845 - 864	567.00
865 - 884	580.00
885 - 904	593.00
905 - 924	607.00
925 - 944	620.00
945 - 964	634.00
965 - 984	647.00
985 - 1004	660.00
1005 - 1024	674.00
1025 - 1044	687.00
1045 - 1064	701.00
1065 - 1084	714.00
1085 और अधिक	727.00

(घ) अधिकारी वर्ग के कर्मचारी महंगाई राहत के लिए निम्नानुसार पात्र होंगे :-

(i)	765/-रुपए प्रतिमाह मूल पेंशन आहरित करने वाले	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन राशि का 66% अधिकतम 500/-रुपए
(ii)	766/-रुपए से 1165/-रुपए प्रतिमाह मूल पेंशन आहरित करने वाले	500/-रुपए
(iii)	1166/-रुपए और उससे अधिक प्रतिमाह पेंशन आहरित करने वाले	उपर्युक्त अ पर परिकलित पेंशन राशि का 42.90% अधिकतम 715/-

2 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात, परन्तु 1 सितम्बर, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात् परन्तु 1 मई, 1994 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी के मामले में, मूल पेंशन को अद्यतन बनाने का फॉर्मूला निम्नलिखित अनुसार होगा :-

(1) अर्हता सेवा के अंतिम 10 महीनों के दौरान महीने/महीनों के लिए पुराने वेतनमान के अनुसार आहरित वेतन का योग — रुपए _____

(2) उपर्युक्त (1) पर परिकलित वेतन के प्रत्येक महीने के लिए, वास्तविक रूप से आहरित महंगाई भत्ते या 1148 अंकों पर महंगाई भत्ते, जो भी कम हो, का योग — रुपए _____

(3) उपर्युक्त 1 के अनुसार आहरित वेतन का योग तथा (+) उपर्युक्त (2) के अनुसार आहरित महंगाई भत्ते का योग — रुपए _____

(4) जिस महीने में कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ, उस महीने को शामिल करते हुए, अर्हता सेवा के अंतिम 10 महीने /महिनों के लिए संशोधित वेतनमान के अनुसार आहरित वेतन का योग — रुपए _____

(5) कॉलम (3) व (4) का योग — रुपए _____

(6) पेंशन के प्रयोजन हेतु औसत परिलब्धियां अर्थात् उपर्युक्त (5) के अनुसार योग / 10 — रुपए _____

(7) अद्यतन मूल पेंशन — रुपए _____

उपर्युक्त (6) का 50 प्रतिशत X अर्हता सेवा के वर्षों की संख्या / (अधिकतम 33 वर्ष) / 33

8 मूल पेंशन (अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित) — रुपए.....

3 सेवानिवृत्ति के समय वास्तविक रूप से आहरित विशेष भत्तों के अनुरूप, अतिरिक्त पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन से 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात, परन्तु 1 नवम्बर, 1994 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मकारों तथा 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात, परन्तु 1 नवम्बर, 1994 के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारियों के मामले में, दिनांक 14 फरवरी, 1995 के द्विपक्षीय समझौते या अधिकारी

सेवा विनियम, यथास्थिति , के अनुसार विशेष भत्तों की राशि की गणना 1 नवम्बर , 1994 से की जाएगी ।

परन्तु, 1 नवम्बर, 1992 या सेवानिवृत्ति की तारीख से, जो भी बाद में हो, 31 अक्तूबर, 1994 तक की अवधि के लिए, संशोधन पूर्व दरों पर भविष्य निधि की गणना हेतु राशि अतिरिक्त पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन हेतु गिनी जाएगी ।

4 सेवानिवृत्ति के समय वास्तवित रूप से आहरित संशोधन पूर्व विशेष भत्ते के अनुरूप 1 नवम्बर, 1994 को यो उसके पश्चात सेवानिवृत्त तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व सेवा के अंतिम 10 महीनों के दौरान संशोधन- पूर्व तथा संशोधित दरो दोनों पर विशेष भत्ता आहरित कर चुके कर्मचारियों के मामले में, 14 फरवरी, 1995 के द्विपक्षीय समझौते या अधिकारी सेवा विनियम, यथास्थिति, के [illegible] विशेष भत्ते की राशि अतिरिक्त पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन हेतु गिनी जाएगी ।

टिप्पणी

1 नवम्बर, 1994 को या उसके पश्चात् आहरित संशोधित विशेष भत्ते का राशि मूल पेंशन के संराशीकरण हेतु गिनी जाएगी ।

जो अधीनस्थ कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त हुए थे तथा संशोधन पूर्व विशेष भत्ता आहरित किया था और वे कर्मचारी भी जो 1 नवम्बर, 1994 को या उसके पश्चात, सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा सेवानिवृति के पूर्व सेवा के अंतिम दस महीनों के दौरान संशोधन-पूर्व तथा संशोधित दोनों विशेष भत्ते आहरित कर चुके हैं के मामले में संशोधन पूर्व दरों पर वास्तविक रूप से आहरित विशेष भत्ते की राशि मूल पेंशन के संराशीकरण के प्रयोजन हेतु गिनी जाएगी और श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों के तिमाही औसत में 600 के ऊपर प्रत्येक 4 अंकों की वृद्धि या गिरावट के लिए महंगाई राहत आहरित करेंगे ।

( ) परिशिष्ट-II के लिए, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

परिशिष्ट - II
(विनियम 37 देखें)

मूल पेंशन पर महंगाई राहत निम्नलिखित अनुसार होगी :-

(1) अधीनस्थ श्रेणी के जो कर्मचारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात, लेकिन 1 नवम्बर, 1992 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे तथा आंधकारी श्रेणी के जो कर्मचारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात् परन्तु 1 जुलाई, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे, के मामले में, महंगाई भत्ता श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मल्य सूचकांक के तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर, यथास्थिति , प्रत्येक 4 अंकों की वृद्धि पर देय होगा तथा प्रत्येक गिरावट पर वसूली योग्य होगा । उपर्युक्त प्रत्येक चार अंकों की प्रत्येक महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या गिरावट नीचे दिए गए अनुसार परिकलित की जाएगी :-

मूल पेंशन का प्रतिमाह मान 1	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर 2
(i) 1250/-रुपए तक	0.67%
(ii) 1251/-रुपए से 2000/-रुपए	1250/-रुपए का 0.67 प्रतिशत तथा (+) 1250/-रुपए से अधिक मूल पेंशन का 0.55 प्रतिशत
(iii) 2001/-रुपए से 2130/-रुपए	1250/-रुपए का 0.67 प्रतिशत तथा (+) 2000/-रुपए और 1250/-रुपए के बीच के अंतर का 0.55 प्रतिशत तथा 2000/-रुपए से अधिक मूल पेंशन का 0.33 प्रतिशत
(iv) 2130/-रुपए से अधिक	1250/-रुपए का 0.67 प्रतिशत तथा (+) 2000/-रुपए और 1250/-रुपए के बीच के अंतर का 0.55 प्रतिशत तथा (+) 2130/-रुपए और 2000/-रुपए के बीच के अंतर का 0.33 प्रतिशत तथा (+) 2130/- से अधिक पेंशन का 0.17 प्रतिशत

(2) जो कर्मचारी, 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात, सेवानिवृत्त हुए हैं या जो अधिकारी 1 जुलाई, 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें महंगाई राहत, श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के तिमाही औसत में 1148 से अधिक प्रत्येक 4 अंकों की, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए देय होगी तथा प्रत्येक गिरावट के लिए वसूली योग्य होगी । उपर्युक्त प्रत्येक चार अंकों के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या गिरावट नीचे दिए गए प्रकार से परिकलित की जाएगी :-

मूल पेंशन का प्रतिमाह मान 1	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर 2
(i) 2400/-रुपए तक	0.35%
(ii) 2401/-रुपए से 3850/-रुपए	2400/-रुपए का 0.35 प्रतिशत तथा (+) 2400/-रुपए से अधिक मूल पेंशन का 0.29 प्रतिशत
(iii) 3851/-रुपए से 4100/-रुपए	2400/-रुपए का 0.35 प्रतिशत तथा (+) 3850/-रुपए और 2400/-रुपए के बीच के अंतर का 0.29 प्रतिशत तथा (+) 3850/-रुपए से अधिक मूल पेंशन का 0.17 प्रतिशत
(iv) 4100/-रुपए से अधिक	2400/-रुपए का 0.35 प्रतिशत तथा (+) 3850/-रुपए और 2400/-रुपए के बीच के अंतर का 0.29 प्रतिशत तथा (+) 4100/-रुपए और 3850/-रुपए के बीच के अंतर का 0.17 प्रतिशत तथा (+) 4100/- से अधिक पेंशन का 0.09 प्रतिशत

(3) जो कर्मचारी, 1 अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात, सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें महंगाई राहत, श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के तिमाही औसत में 1616 से अधिक प्रत्येक 4 अंकों की, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए देय होगी तथा प्रत्येक गिरावट के लिए वसूली योग्य होगी । उपर्युक्त प्रत्येक चार अंकों के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या गिरावट नीचे दिए गए प्रकार से परिकलित की जाएगी :-

मूल पेंशन का वेतन प्रतिमाह मान	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर
(i) 3380/-रुपए तक	0.25%
(ii) 3381/-रुपए से 5420/-रुपए	3380/-रुपए का 0.25 प्रतिशत तथा (+) 3380/-रुपए से अधिक मूल पेंशन का 0.21 प्रतिशत
(iii) 5421/-रुपए से 5770/-रुपए	3380/-रुपए का 0.25 प्रतिशत तथा (+) 5420/-रुपए और 3380/-रुपए के बीच के अंतर का 0.21 प्रतिशत तथा (+) 5420/-रुपए से अधिक मूल पेंशन का 0.12 प्रतिशत
(iv) 5770/-रुपए से अधिक	3380/-रुपए का 0.25 प्रतिशत तथा (+) 5420/-रुपए और 3380/-रुपए के बीच के अंतर का 0.21 प्रतिशत तथा (+) 5770/-रुपए और 5420/-रुपए के बीच के अंतर का 0.12 प्रतिशत तथा (+) 5770/- से अधिक मूल पेंशन का 0.06 प्रतिशत

(4) महंगाई भत्ता पिछले वर्ष के अक्तूबर, नवम्बर और दिसम्बर के महीनों में प्रकाशित सूचकांकों के तिमाही औसत पर पहली फरवरी से आरंभ और 31 जुलाई को समाप्त होने वाली छमाही के लिए और उसी वर्ष अप्रैल, मई और जून के महीनों में प्रकाशित सूचकांकों के तिमाही औसत पर 1 अगस्त से आरंभ और 31 जनवरी को समाप्त होने वाली छमाही के लिए देय होगा ।

(5) परिवार पेंशन, अवैध पेंशन और अनुकम्पा भत्ते के मामले में, महंगाई राहत ऊपर उल्लिखित दरों के अनुसार देय होगी ।

(6) पूर्ण मूल पेंशन पर महंगाई राहत की अनुमति संराशीकरण के बाद भी दी जाएगी ।

(7) महंगाई राहत अतिरिक्त पेंशन पर देय नहीं है ।

(8) जिस पेंशनभोगी की मूल पेंशन न्यूनतम पेंशन से कम है परन्तु मूल पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम पेंशन से अधिक है वह न्यूनतम पेंशन को लागू महंगाई राहत आहरित कर सकेगा ।

(घ) परिशिष्टि-III के लिए, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया गया जाएग, अर्थात् :-

परिशिष्टि - III
(विनियम 39 देखें)

परिवार पेंशन की साधारण दरें इस प्रकार होंगी :-

(क) अंशकालिक कर्मचारियों को छोड़कर, अन्य कर्मचारियों के मामले में, जहां कर्मचारी कर्मकार श्रेणी में था और 1.11.1992 के पूर्व सेवानिवृत्त हुआ था, या जहां कर्मचारी अधिकारी वर्ग में था और 1.7.1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हुआ था ।

वेतन प्रतिमाह	मासिक परिवार पेंशन की राशि
1500/-रुपए तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 30 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 375/-रुपए प्रतिमाह से कम नहीं होगा ।
1501 से 3000/-रुपए	वेतन का 20 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 20 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 450/-रुपए प्रतिमाह से कम नहीं होगा ।
3000/-रुपए से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 15 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 600/-रुपए प्रतिमाह से कम तथा 1250 रुपए प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा ।

(ख) कर्मचारियों के मामले में अंशकालिक कर्मचारियों को छोड़कर, जहां कर्मचारी कर्मकार श्रेणी में था और 1.11.1992 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत हुआ था या जहां कर्मचारी अधिकारी वर्ग में था और 1.7.1993 के पश्चात् सेवानिवृत्त हुआ था ।

वेतनमान प्रतिमाह	मासिक परिवार पेंशन की राशि
2870/-रुपए तक	"वेतन" का 30 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 30 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 720/-रुपए प्रतिमाह से कम नहीं होगा ।
2871/- से 5740/-रुपए	वेतन का 20 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 20 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 860/-रुपए प्रतिमाह से कम नहीं होगा ।
5740 रुपए से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 15 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 1150/-रुपए प्रतिमाह से कम तथा 2400/- रुपए प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा ।

(ग) 1.4.1998 को या उसके पश्चात् सेवानिवृत्त होने वाले अंशकलिक कर्मचारियों को छोड़कर , कर्मचारियों (अधिकारी तथा कर्मकार दोनों) के मामलें में :-

वेतनमान प्रतिमाह	मासिक परिवार पेंशन की राशि
4040/-रुपए तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 30 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 1015/-रुपए प्रतिमाह से कम नहीं होगा ।
4040/- से 8080/- रुपए	वेतन का 20 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 20 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 1212/-रुपए प्रतिमाह से कम नहीं होगा ।
8080/-रुपए से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन तथा (+) भत्तों का 15 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए की जाती है परन्तु महंगाई भत्ते के लिए नहीं, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी । मूल तथा अतिरिक्त परिवार पेंशन का योग 1616/-रुपए प्रतिमाह से कम तथा 3378/- रुपए प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा ।

टिप्पणी :

(1) महंगाई भत्ता अतिरिक्त परिवार पेंशन पर देय नहीं होगा ।

(2) उपर्युक्त अनुसार परिवार पेंशन की गणना के प्रयोजन से वेतनमान , विनियम 2 के उप खंड (न) में निर्धारित "वेतन" तथा विनियम 35 के उप-विनियम (3) की व्याख्या में निर्धारित भत्तों का योग होगा ।

(3) अंशकालिक कर्मचारी के मामले में, परिवार पेंशन की न्यूतनम तथा अधिकतम राशि, कर्मचारी द्वारा आहरित वेतन की दर के अनुपात में होगी ।

(4) यदि मूल परिवार पेंशन तथा अतिरिक्त पेंशन का कुल योग न्यूनतम पेंशन से कम होता है तो पेंशनभोगी को न्यूनतम पेंशन दी जाए और ऐसी परिवार पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान किया जाए । लेकिन, न्यूनतम परिवार पेंशन के अतिरित परिवार पेंशन नहीं दी जाएगी ।

(ङ) परिशिष्ट-IV के लिए, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :-

परिशिष्ट - IV
(विनियम 27 देखें)

एक सप्ताह में स्थायी अंशकालिक आधार पर वेतन पर की गई वास्तविक सेवा	पेंशन राशि की गणना हेतु स्थायी अंशकालिक आधार पर सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए की गई तदनुरूपी अर्हता सेवा की अवधि
छः घंटे या अधिक परन्तु 13 घंटे तक	वर्ष का एक तिहाई
13 घंटे से अधिक 19 घंटे तक	वर्ष का आधा
19 घंटे से अधिक परन्तु 29 घंटे तक	वर्ष का एक चौथाई
29 घंटे से अधिक	एक वर्ष

(च) परिशिष्ट-IV के पश्चात, निम्नलिखित परिशिष्ट जोड़ा जाएगा, अर्थात् :-

परिशिष्ट - V
(विनियम 39 देखें)

जो कर्मचारी 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में थे और सेवा में रहते हुए 31 अक्तूबर, 1987 को या उसके पूर्व उनकी मृत्यु हो गयी थी या 31 अक्तूबर, 1987 को या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे, के मामले में मूल परिवार पेंशन या अतिरिक्त परिवार पेंशन के परिकलन के लिए फॉर्मूला निम्नलिखित होगा :-

(1) मूल परिवार पेंशन

(अ) मृत्यु/सेवानिवृत्ति के समय मृतक कर्मचारी द्वारा आहरित वेतन .....रुपए

(आ) नीचे दी गई तालिका के अनुसार साधारण दर पर मूल परिवार पेंशन .....रुपए

(इ) उपर्युक्त (आ) पर परिकलित मूल परिवार पेंशन संबंधी परिशिष्ट-1 में दी गई तालिका 1 के अनुसार श्रृंखला 1960=100 में औद्योगिक कामगारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 600 पर महंगाई राहत .....रुपए

(ई) अद्यतन मूल परिवार पेंशन अर्थात् (आ) + (इ) .....रुपए

(उ) उपर्युक्त (ई) के अनुसार अद्यतन मूल परिवार पेंशन (अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित) .....रुपए

(ऊ) उपर्युक्त (ई) के (अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित है), यथास्थिति, मूल परिवार पेंशन का डेढ़ गुना या अद्यतन मूल परिवार पेंशन का दुगुना .....रुपए

(2) अतिरिक्त परिवार पेंशन

सेवानिवृत्ति/मृत्यु के पूर्व आहरित विशेष भत्ते के अनुरूप दिनांक 10.4.1989 के द्विपक्षीय समझौते/अधिकारी सेवा विनियमों के अनुसार भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए राशि की गणना की सीमा तक विशेष भत्ते को अतिरिक्त परिवार पेंशन के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा ।

टिप्पणी :

(1) महंगाई राहत अतिरिक्त परिवार पेंशर पर देय नहीं है ।

(2) यदि अद्यतन मूल परिवार पेंशन और अद्यतन अतिरिक्त परिवार पेंशन का कुल योग 375/-रुपए से कम होता है तो पेंशनभोगी को 375/-रुपए तथा उस पर महंगाई भत्ता दिया जा सकता है लेकिन ऐसी स्थिति में अद्यतन अतिरिक्त परिवार पेंशन देय नहीं होगी ।

तालिका

वेतन सीमा	परिवार पेंशन की राशि
664/-रुपए से कम	"वेतन" का 30 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन होगी तथा + भत्तों का 30 प्रतिशत, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए लेकिन महंगाई भत्ते के लिए नहीं होगी, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी जो न्यूनतम 100/- रुपए तथा अधिकतम 166/-रुपए होगी ।
664 और अधिक परन्तु 1992 से कम	"वेतन" का 15 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन होगी तथा + भत्तों का 15%, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए लेकिन महंगाई भत्ते के लिए नहीं होगी, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी जो न्यूनतम 166/-रुपए तथा अधिकतम 266/-रुपए होगी ।
1992 और उससे अधिक	"वेतन" का 12 प्रतिशत मूल परिवार पेंशन होगी तथा + भत्तों का 12%, जिनकी गणना भविष्य निधि में अंशदान के लिए लेकिन महंगाई भत्ते के लिए नहीं होगी, अतिरिक्त परिवार पेंशन होगी जो न्यूनतम 266/-रुपए तथा अधिकतम 415/-रुपए होगी ।

टी. एम. भसीन

(टी.एम. भसीन)

उप महाप्रबन्धक (कार्मिक)

पाद टिप्पणी :

मूल विनियम भारत के राजपत्र (असाधारण) में 29.09.1995 को अधिसूचित किये गये थे और तत्पश्चात् ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 में संशोधन सरकारी राजपत्र में निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार प्रकाशित किए गये थे :-

क्रम सं0	अधिसूचना संख्या	दिनांक
1.	3923	17.04.1999
2.	3937	26.01.2002

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक: 20.3.2002

संख्या:यू-16/53/मीटीएमआर/कर्ना./99-चिकि.2 कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम-105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियाँ प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024 (जी) दिनांक 23.5.1983 द्वारा ये शक्तियाँ आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा निम्नलिखित डाक्टर को मामलों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर निम्नलिखित तिथि तक एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को उप चिकित्सा आयुक्त (दक्षिण क्षेत्र) बैंगलोर द्वारा निर्धारित क्षेत्र के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ :-

डॉक्टर का नाम	अवधि	केन्द्र का नाम
एम विजय	कार्यग्रहण करने की तिथि से	मैसूर

स० सिंह
(डा० श्रीमती) एस. सिंह
चिकित्सा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक : 27-3-02

संख्याः यू-16/53/1/99-चि.2(गुजरात): कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण)विनियम,1950 के विनियम-105 के अधीन निगम की शक्तियाँ महानिदेशक को प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 25.4.95 बैठक में पारित किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23.5.1993 द्वारा ये शक्तियाँ आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा बड़ौदा केन्द्र व क्षेत्रीय उप चिकित्सा आयुक्त(उत्तर-पश्चिम जोन) द्वारा नियत किए गए क्षेत्रों के लिए,बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच करने और मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें और प्रमाण-पत्र प्रदान करने के प्रयोजन के लिए मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक पर चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए डाक्टर(श्रीमती) के.एस.रजपूत की सेवाएं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निदेशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाती हूँ ।

स० सिंह

(डा.(श्रीमती)एस.सिंह)
चिकित्सा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक:
17.4.2002

संख्या: एन-15/13/6/2/2001-यो.एंव.वि.

(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 01 अप्रैल, 2002 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा केरल कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1957 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ केरल राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात:-

"जिला एरनाकुलम के कणयन्नूर तालुक में कुंबलम के अधीन आने वाले क्षेत्र" ।

(आर.सी. शर्मा)
संयुक्त निदेशक (यो.एंव.वि.)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (मुख्यालय)
हुडको विशाला, 14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–66 22 APR 2002

सं. सा.का. 2/1952/डीएलआई/एक्जम/89/पीटी.1/907 मैसर्स सुन्द्राराजा मिल्स लि०, मेइनरोड, कराइकाल–609603 कोड सं० ...एन/पीसी/66

को क.भ.नि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 (2क) जिसका उक्त अधिनियम में उल्लेख किया गया है, के अंतर्गत विस्तार/छूट प्रदान की है।

तथा जबकि नियोक्ता ने मास्टर पालिसी का 1.12.2000 तक नवीनीकरण कराया है तथा सांविधिक कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना (ई.डी.एल.आई.) के कार्यान्वयन को वापिस किया जाता है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए मै, के.भ.नि.आ. 30.11.2000 से उपरोक्त छूट का रद्द करता हूँ।

(त्रिलोक चन्द)
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं. सा.का. 2/1959/डीएलआई/एक्जम/89/पीटी.1/909 मैसर्स जे. एण्ड एच दिगोसेज प्रा. लि०, 14, कामराज एवेन्यू, पहली गली, अदियार, चेन्नई–600020 कोड सं० टीएन/26784

को क.भ.नि. और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 (2क) जिसका उक्त अधिनियम में उल्लेख किया गया है, के अंतर्गत विस्तार/छूट प्रदान की है।

तथा जबकि नियोक्ता ने मास्टर पालिसी का 31.10.2001 तक नवीनीकरण कराया है तथा सांविधिक कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना (ई.डी.एल.आई.) के कार्यान्वयन को वापिस किया जाता है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए मै, के.भ.नि.आ. 30.9.2000 से उपरोक्त छूट का रद्द करता हूँ।

(त्रिलोक चन्द)
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

22 APR 2002

